# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## कार्यवृत्त—2022—2

दिनांक 31 मार्च, 2022, को अपराह्न 03:00 बजे, विश्वविद्यालय परिसर स्थित सेण्टर फॉर एकेडमिक्स भवन में ऑफलाइन/ऑनलाइन सम्पन्न हुई कार्य परिषद बैठक की कार्यवाही :—

बैठक में निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित हुये :—

1. **प्रो० विनय कुमार पाठक,** — अध्यक्ष
   कुलपति, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर।
2. **प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी,** — सदस्य
   प्रति—कुलपति, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
3. **डॉ० जे०एन० गुप्ता,** — सदस्य
   सी0ई0ओ0, जागरण एजुकेशन फाउण्डेशन, 3/169, विष्णुपुरी, कानपुर—208001।
4. **डॉ० रिपुदमन सिंह,** — सदस्य/ऑनलाइन
   क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।
5. **डॉ० ज़ोसफ डेनियल,** — सदस्य/ऑनलाइन
   प्राचार्य, क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर।
6. **डॉ० एम०एच० सिद्दिकी,** — सदस्य/ऑनलाइन
   प्राचार्य, हलीम मुस्लिम पी०जी० कालेज, कानपुर।
7. **डॉ० राजेश कुमार त्रिपाठी,** — सदस्य/ऑनलाइन
   प्राचार्य, जनता कालेज, बकेवर, इटावा
8. **डॉ० (श्रीमती) शिप्रा वी श्रीवास्तव,** — सदस्या
   संकायाध्यक्ष—वाणिज्य, क्राइस्ट चर्च कालेज, कानपुर।
9. **डॉ० (श्रीमती) नन्दिनी उपाध्याय,** — सदस्या
   संकायाध्यक्ष—लॉ, दयानन्द कालेज ऑफ लॉ, कानपुर।
10. **प्रो० संजय कुमार स्वर्णकार,** — सदस्य
    आचार्य—अंग्रेजी विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
11. **प्रो० सुधान्शु पाण्डिया,** — सदस्य
    आचार्य, आई०बी०एम०, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर।
12. **प्रो० अंशू यादव,** — सदस्या
    आचार्य, आई०बी०एम०, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर।
13. **प्रो० मुनेश कुमार,** — सदस्य
    आचार्य, शिक्षा विभाग, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर।
14. **डॉ० राजेश कुमार,** — सदस्य
    सह—आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर।
15. **डॉ० मृदुलेश सिंह,** — सदस्य
    सह—आचार्य, आई०बी०एम०, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर।

16. **डॉ० (श्रीमती) साधना सिंह राठौर,** सदस्या/ऑनलाइन
सह–आचार्य, अर्थशास्त्र, डी०जी० कालेज, कानपुर।

17. **डॉ० (श्रीमती) एस०पी० अग्निहोत्री,** सदस्या
सहायक आचार्य, भूगोल, पी०एस०एम० डिग्री कालेज, कन्नौज।

18. **श्री० सुधीर कुमार वर्मा,** सदस्य
सहायक आचार्य, आई०बी०एम०, सी॰एस॰जे॰एम॰ वि॰वि॰, कानपुर।

19. **प्रो० नन्द लाल,** विशेष आमंत्रित सदस्य
विभागाध्यक्ष/आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर।

20. **प्रो० रोली शर्मा,** विशेष आमंत्रित सदस्य
डीन एकेडमिक्स/आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर।

21. **श्री प्रेम शंकर चौधरी,** विशेष आमंत्रित सदस्य
वित्त अधिकारी, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर।

22. **श्री अंजनी कुमार मिश्रा,** विशेष आमंत्रित सदस्य
परीक्षा नियत्रंक, सी॰एस॰जे॰एम॰वि॰वि॰, कानपुर।

23. **डॉ० अनिल कुमार यादव,** सचिव
कुलसचिव, सी०एस०जे०एम० विश्वविद्यालय कानपुर।

सर्वप्रथम कुलसचिव ने कार्य परिषद के कार्यकायल पूर्ण कर चुके माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ नवनामित सदस्यों का स्वागत व परिचय कराते हुए उपस्थित माननीय सदस्यों एवं माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की:–

| मद संख्या | विषय |
|---|---|
| **2022–2.1** | **कार्य परिषद की बैठक दिनांक 14.12.2021 एवं आपात बैठक दिनांक 08.01.2022 में लिये गये निर्णयों पर अनुमोदन।** |
| | परिषद ने विगत बैठक दिनांक 14.12.2021 एवं आपात बैठक दिनांक 08.01.2022 में लिये गये निर्णयों पर सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया। |
| **2022–2.2** | **कार्य परिषद की विगत बैठक दिनांक 14.12.2021 एवं आपात बैठक दिनांक 08.01.2022 में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर सम्पुष्टि।** |
| | *परिषद द्वारा विगत बैठक दिनांक 14.12.2022, एवं आपात बैठक दिनांक 08.01.2022 में लिये गये निर्णयों पर समीक्षा करते हुये सर्वसम्मति से सम्पुष्टि की गयी।* |
| **2022–2.3** | **सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 01.01.2022 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।** |
| | *परिषद द्वारा सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक 01.01.2022 की कार्यवाही को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।* |
| | (अपेक्षित कार्यवाही–सम्बद्धता विभाग) |
| **2022–2.4** | **विद्या परिषद की बैठक दिनांक 24.03.2022 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।** |
| | *परिषद द्वारा विद्या परिषद की बैठक दिनांक 24.03.2022 की कार्यवाही को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।* |
| | (अपेक्षित कार्यवाही–डीन, एकेडेमिक्स) |

**2022–2.5 वित्त समिति की बैठक दिनांक 24.03.2022 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

*परिषद द्वारा वित्त समिति की बैठक दिनांक 24.03.2022 की कार्यवाही को सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

(अपेक्षित कार्यवाही–वित्त विभाग)

**2022–2.6 परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 16.03.2022 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

*परिषद द्वारा परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 16.03.2022 की कार्यवाही को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

(अपेक्षित कार्यवाही–परीक्षा नियत्रंक)

**2022–2.7 भवन समिति की बैठक दिनांक 24.03.2022 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

*परिषद द्वारा भवन समिति की बैठक दिनांक 24.03.2022 की कार्यवाही को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।*

(अपेक्षित कार्यवाही–प्रभारी, सम्पत्ति विभाग)

**2022–2.8 डॉ० राजेश कुमार की प्रोन्नति के सम्बन्ध में विधिक राय पर विचार।**

सम्बन्धित प्रकरण पर चर्चा के पूर्व मा0 सदस्य डॉ0 राजेश कुमार माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक कक्ष से बाहर चले गये।

डॉ० राजेश कुमार की एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति की अर्हता तिथि सम्बन्धी प्रकरण विस्तृत रूप से परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें डॉ० राजेश कुमार के उक्त पद की अर्हता तिथि 05.11.2005 किये जाने के अनुरोध से भी परिषद को अवगत कराया गया। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में माननीय राज्यपाल सचिवालय के आदेश संख्याः ई–5389/जी०एस० दिनांक 17.09.2020, विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः सी०एस०जे०एम०वि०वि०/सा०प्रशा०/4185/2020 दिनांक 29.12.2020, श्री रोहित पाण्डेय, अधिवक्ता द्वारा प्रेषित विधिक अभिमत दिनांक 17.12.2021, शासनादेश संख्या 608/सत्तर–1–2013–15(72)/2005 दिनांक 04.06.2013 एवं यू0जी0सी0 के पत्र संख्या F2-16/2002 (PS)Pt.file II, Dated- 15 December, 2016 को माननीय परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिनका मा0 परिषद द्वारा अवलोकन किया गया।

उक्त प्रकरण पर एक सदस्य द्वारा उपरोक्त शासनादेश में स्पष्ट रूप से अर्हता तिथि उल्लिखित न होने का पक्ष रखा गया, जबकि परिषद के अन्य मा0 सदस्य क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सहित कुछ सदस्यों द्वारा विधिक अभिमत के अनुसार अर्हता तिथि निर्धारित करने का पक्ष रखा गया।

मा0 सदस्यों के सर्वसम्मति से डॉ0 राजेश कुमार को अपना पक्ष रखने के लिये बैठक कक्ष में पुनः बुलाया गया तथा डॉ0 राजेश कुमार द्वारा उपरोक्त शासनादेश/यू0जी0सी0 के पत्र का संदर्भ प्रस्तुत किया गया एवं पुनः इस प्रकरण पर चर्चा तक बैठक कक्ष को छोड़ दिया गया।

परिषद द्वारा समग्र विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त प्रपत्रों के साथ सम्बन्धित प्रकरण को कार्यपरिषद के सदस्य एवं मा0 न्यायमूर्ति श्री श्रीकान्त त्रिपाठी को आख्या हेतु प्रेषित किया जाये तथा माननीय न्यायाधीश से प्राप्त आख्या पर अन्तिम निर्णय हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय को कार्यपरिषद की सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।

(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग)

2022–2.9 **डॉ0 राजेश प्रताप सिंह के प्रोन्नति सम्बन्धी प्रकरण पर विचार।**

परिषद द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि डॉ0 राजेश प्रताप सिंह के प्रोन्नति सम्बन्धी प्रकरण को समस्त सम्बन्धित अभिलेखों/प्रपत्रों के साथ कार्यपरिषद के सदस्य एवं माननीय न्यायमूर्ति श्री श्रीकान्त त्रिपाठी को प्रेषित किया जाये एवं तदानुसार कार्य परिषद के सदस्य माननीय न्यायाधीश से प्राप्त आख्या पर अन्तिम निर्णय हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय को कार्यपरिषद की सर्वसम्मति द्वारा अधिकृत किया गया।

(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग)

अन्य बिन्दु **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु पर विचार करना।**

2022–2.10 **नवनियुक्त शिक्षक डॉ0 चन्द्रेश शर्मा, स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी के प्रकरण पर विचार।**

डॉ0 चन्द्रेश शर्मा, स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एण्ड बायोटेक्नोलॉजी के विरूद्ध दिल्ली में दर्ज एफ0आई0आर0 सं0 (प्र0सू0रि0स0):0280 दिनांक–14.03.2022 एवं डॉ0 शर्मा द्वारा प्रस्तुत योगदान आख्या विश्वविद्यालय के अधिवक्ता को प्रेषित किये जाने का परिषद द्वारा निर्णय लिया गया तथा अधिवक्ता से प्राप्त आख्या पर अन्तिम निर्णय हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय को कार्यपरिषद की सर्वसम्मति द्वारा अधिकृत किया गया।

(अपेक्षित कार्यवाही–प्रशासन विभाग)

2022–2.11 **राजकीय महाविद्यालय, लोटना, पुरवा, उन्नाव को संघटक महाविद्यालय के रूप में संचालित किये जाने पर विचार।**

राजकीय महाविद्यालय, लोटना, पुरवा, उन्नाव को संघटक महाविद्यालय के रूप में सत्र 2022–23 से स्नातक स्तर कला संकाय (हिन्दी, अंग्रेजी, राजीनति विज्ञान, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र इतिहास, भूगोल एवं ड्रांइग एण्ड पेंन्टिंग) स्नातक स्तर विज्ञान संकाय(भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस एवं आई0टी0) बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 तथा बी0कॉम0 पाठ्यक्रम संचालित किये जाने पर सर्वसम्मति से परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

(अपेक्षित कार्यवाही–सम्बद्धता विभाग)

अन्त में सचिव द्वारा परिषद में उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

**डॉ०(अनिल कुमार यादव)**
कुल सचिव/सचिव

**प्रो०(विनय कुमार पाठक)**
कुलपति/अध्यक्ष

**कार्यालय पत्राकः सी.एस.जे.एम.वि.वि./सा.प्रशा./................/2022, दिनांक 31.03.2022**

प्रतिलिपिः 1. मा0 सदस्यगण–कार्यपरिषद की सेवा में सादर सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

**डॉ०(अनिल कुमार यादव)**
कुल सचिव/सचिव